# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 03 मार्च 2023

----

**[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].**

Total Short Notice Question- 11

----

## आवंटन पर विचार

*25 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक सं. – 15/M1-71/2016-700, दिनांक – 9.4.2018 द्वारा मगध विश्वविद्यालय से अलग करके पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय को स्थापित करने हेतु सरकार ने पहल की थी;

(ख) क्या यह सही है कि पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय का कार्यालय पटना में सीमित संसाधन में अवस्थित है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा अबतक जितने भी संस्थान बनाये गये हैं सबको पटना में जगह दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय को पटना से 50 किलोमीटर दूर बख्तियारपुर स्थानान्तरित करने की बात की जा रही है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में पटना में अवस्थित चाणक्या लॉ कॉलेज, निफ्ट, आर्ट कॉलेज आदि की भांति पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय को कृषि फॉर्म हाउस में जगह आवंटित करना

चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

***26 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विश्वविद्यालयों से संबद्ध अंगीभूत महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजना के तहत संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम से जुड़े शिक्षकों एवं कर्मियों को राज्यादेश तथा न्यायादेश के आलोक में निर्धारित वेतन का लाभ नहीं दिया जा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आदेश की अवमानना के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन को जिम्मेवार मानती है तथा इस संबंध में आगे कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है?

----

## विशेष अभियान चलाने पर विचार

***27 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा 8 से 9 तक विद्यार्थियों का ड्रॉट आउट 35 प्रतिशत है तथा कक्षा 10 से 11 तक विद्यार्थियों का ड्रॉट आउट 50 प्रतिशत है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ड्रॉट आउट में कमी लाने के लिए जिला में विशेष अभियान चलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

***28 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर मेजरगंज प्रखंड उच्च विद्यालय, मड़पा सिरपाल अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की भूमि का सीमांकन कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

*29 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दिनारा प्रखंड के सैसड़ उच्च विद्यालय का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं चहारदीवारी का निर्माण अबतक नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि सैसड़ उच्च विद्यालय को अपनी जमीन लगभग 25 एकड़ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का जीर्णोद्धार, चहारदीवारी का निर्माण कराते हुए लगभग 25 एकड़ जमीन पर मॉडल इंटर महाविद्यालय बनाकर उत्क्रमित करने की कार्रवाई यथाशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जांच की प्रक्रिया

*30 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टेट मदरसा एजुकेशन बोर्ड द्वारा 609 मान्यता प्राप्त मदरसों की कई बार जॉच कराई गई है;

(ख) क्या यह सही है कि बार-बार जॉच कराने से शिक्षा एवं शिक्षक प्रभावित होते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जांच प्रक्रिया समाप्त करना चाहती है?

----

## बकाया राशि का भुगतान

*31 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि नियमावली 2006 से बहाल एवं शारीरिक शिक्षक नियमावली 2012 से बहाल शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशक का कार्य और योग्यता बराबर है तो वेतन अलग-अलग क्यों;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त शिक्षकों को 8 महीने बीत जाने के बाद भी वेतन का भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित शिक्षकों की बकाया राशि के भुगतान करने के साथ-साथ वेतनमान देना चाहती है?

----

## सामान्य कक्ष खाली कराने का विचार

***32 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा के नव-निर्मित छात्रा सामान्य कक्ष में जिला प्रशासन, भोजपुर के द्वारा EVM एवं अन्य निर्वाचन संबंधी सामग्रियां रखी गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि कॉलेज के छात्रा सामान्य कक्ष का जिला प्रशासन द्वारा अन्य कार्यों में उपयोग किए जाने के चलते छात्राओं को कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा के परिसर में नव-निर्मित छात्रा सामान्य कक्ष को शीघ्र खाली कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

***33 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कई उच्च विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है जिस कारण असामाजिक तत्व विद्यालय परिसर में आकर दरवाजे, खिड़कियों, बेंच-डेस्क इत्यादि को नष्ट कर देते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उदाहरणस्वरूप गया जिले के टिकारी प्रखण्ड के +2 प्रकाश विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र ऐसे विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है?

----

## वेतन एवं सुविधा पर विचार

*34 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बिहार लोक सेवा आयोग से कठिन परीक्षा पास कर चयनित 369 प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि इन्हें वैसे विद्यालयों में भेजा गया है जहां आदेशपाल एवं लिपिक नहीं हैं तथा प्रधानाध्यापकों का वेतन वहां के मध्य विद्यालयों में नियुक्त सहायक शिक्षक से कम है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए आदेशपाल, लिपिक की बहाली तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पूर्व के प्रधानाध्यापकों की तरह नवनियुक्त प्रधानाध्यापक को वेतन एवं सुविधा देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## शारीरिक शिक्षकों को वेतनमान

*35 **श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों को 8,000/-(आठ हजार) रुपये के मानदेय पर नियोजित किया गया है जबकि अन्य विषय के शिक्षकों को 25,000/- (पचीस हजार) के लगभग वेतन पर नियोजित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि दोनों ही विषयों के शिक्षकों को एस.टी.ई.टी. पात्रता परीक्षा पास करने के उपरांत ही नियोजित किया जाता है बावजूद दोनों के वेतनमान में काफी अन्तर है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पंचायत शिक्षकों, प्रखंड शिक्षकों के बराबर शारीरिक शिक्षकों को भी वेतनमान देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----